पेज थ्री
देहरादून

देहरादून रविवार 4 अक्टूबर 2020





वरिष्ठ नागरिकों को च्वयनप्राश एवं जूस वितरित करते हुए विधायक जोशी।

हमारा दून

# कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आने वाले कुछ माह और चुनौतीपूर्ण होंगे

**बैठक**

■ चुनौती से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाय: मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत

**संवाददाता**

देहरादून। कोविड –19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आने वाले कुछ माह और चुनौतीपूर्ण होंगे। इस चुनौती से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाय। पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में कोविड पॉजिटव केस कम आये हैं, लेकिन ऐसे समय में और सतर्कता बरतने की जरूरत है। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का सभी जगह पूर्ण रूप से पालन हो, ताकि संक्रमण को रोका जा सके। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग की नियमित मॉनेटरिंग की जाय। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाय। किसी क्षेत्र में इस तरह की शिकायत आती है, तो सबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही भी की जाय। कोविड



से बचाव के लिए आम जन के व्यवहार में परिवर्तन लाना होगा।

**भ्रामक प्रचार करने वालों पर एफआईआर की जाय:** कोविड के सबंध में सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रामक प्रचार करने वालों पर एफआईआर की जाय। ऐसे लोगों पर सख्त कारवाई भी की जाय। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में कोविड की बैठक के दौरान वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से यह निर्देश सभी जिलाधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता अभियान चलाया जाय। कोविड से बचाव हेतु जागरूकता के लिए प्रमुख हस्तियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के वीडियो एवं ऑडियो संदेश बनाये जाय। इससे समाज पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कोविड से बचाव के लिए जागरूकता के लिए ऑनलाईन लेख प्रतियोगिता, कार्टून प्रतियोगिता एवं इस तरह की अन्य गतिविधियां की जाय। इन प्रतियोगिताओं के लिए जनपद एवं राज्य स्तर पर पुरस्कार भी दिये जाय। धार्मिक स्थलों, भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर कोविड से बचाव हेतु सुरक्षात्मक उपायों के लिए स्थाई होर्डिंग लगाई जाय। राज्य में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह सुनिश्चित किया जाय कि पर्यटकों के साथ सबका शालीनता पूर्वक व्यवहार हो। पर्यटक स्थलों पर थर्मल स्क्रीनिंग और सैंपल टेस्टिंग के लिए बूथ बने।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि को–मॉर्बिड एवं डाइबिटीज के मरीजों के कोविड से बचाव के लिए विशेष सुरक्षात्मक उपाय भी किये जाय। हाई रिस्क लोगों की शत प्रतिशत सैंपलिंग की जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि जो लोग एंटीजन टेस्ट में सिंपटमैटिक हैं, उन सबका आरटीपीसीआर या ट्रू–नॉट टेस्ट हो। होम आइसोलेशन में रहने वाले लोगों की नियमित निगरानी की जाय। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घरों में जाकर पूरी जानकारी ली जाय, स्वास्थ्य किट की भी पूरी जानकारी मरीजों को दी जाय। सभी विभागों द्वारा कोविड से बचाव के उपायों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाय।

## पर्यटन की गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हो रही है: डीजी लॉ एण्ड आर्डर

डीजी लॉ एण्ड आर्डर अशोक कुमार ने कहा कि थाना एवं चौकियों में भी कोरोना से बचाव के उपायों के होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। पर्यटन की गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। भीड़ प्रबंधन एवं मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन हो, इसके लिए सुनियोजित रणनीति बनाई जायेगी।

## मेडिकल कंट्रोल रूमों में आयुष के अलग डेस्क बनाये जा रहे हैं: सचिव आयुष

सचिव आयुष डी सेंथिल पांडियन ने कहा कि मेडिकल कंट्रोल रूमों में आयुष के अलग डेस्क बनाये जा रहे हैं। विभाग द्वारा प्री कोविड और पोस्ट कोविड इम्यूनिटी बढ़ाने के उपायों पर पूरी जानकारी दी जा रही है। आयुष रक्षा किट वितरित किये जा रहे हैं। आयुष और वेलनेस केन्द्रों की स्थापना की जा रही है। आयुष विभाग द्वारा कॉल सेंटर के माध्यम से कोविड के मरीजों को इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

## अब आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं: सचिव स्वास्थ्य

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि अब आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। हमें कार्य के साथ ही सतर्कता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में युवाओं में कोरोना पॉजिटव दर अधिक है, इसको नियंत्रित करने की दिशा में हमें विशेष ध्यान देना होगा। इम्यूनिटी बढ़ाने वाले पदार्थों के बारे में लोगों को और जागरूक करने की जरूरत है। बिजली एवं पानी के बिलों एवं अन्य माध्यमों से कोविड से सुरक्षात्मक उपायों एवं टोल फ्री नम्बरों की जानकारी दी जाय। अगले 06 माह के लिए सभी जनपदों में कोरोना से लड़ने के लिए मैन पॉवर की पूरी व्यवस्था हो। कोविड कन्ट्रोल रूम में कोई भी फोन कॉल आने पर शीघ्र रिस्पांस के लिए कन्ट्रोल रूम इन्चार्ज की जिम्मेदारी होगी। कोविड केयर सेंटरों, कोविड के सैंपल लेने वाले अस्पतालों एवं कोविड से संबधित अन्य संस्थानों में गूगल मैपिंग की व्यवस्था हो।

# शिक्षा निदेशालय बंद, डायट डीएलएड प्रशिक्षित धरने पर

**खुलासा**

■ भारतीय खाद्य निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ खुलासा

देहरादून। **संवाददाता**

शिक्षा निदेशालय में कोरोना संक्रमित कर्मचारी मिलने के बाद जहां शिक्षा निदेशालय को बंद कर दिया गया है लेकिन वहीं उत्तराखंड शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रशिक्षित डीएलएड बीटीसी प्रशिक्षितों का धरना शिक्षा निदेशालय में छठे दिन भी जारी रहा और वहीं दूसरी ओर जबकि शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में प्रशिक्षितों का धरना 12वें दिन भी जारी रहा। ननूरखेडा




स्थित शिक्षा निदेशालय में डायट डीएलएड प्रशिक्षित शिक्षा निदेशालय बंद होने के बाद भी धरने पर डटे रहे और उन्होंने वहां पर जमकर प्रदर्शन किया और इस अवसर पर प्रशिक्षितों ने कहा कि अभी तक विभाग द्वारा उनकी नियुक्ति की मांग पर कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है, जिससे प्रशिक्षितों में व्यापक रोष बना हुआ है।

इस अवसर पर प्रशिक्षितों ने कहा कि जबकि डी एल एड प्रवेश परीक्षा 2016 से चयनित राज्य के प्रशिक्षितों का प्रशिक्षण दिसंबर 2019 में पूर्ण हो चुका है और इसके साथ ही साथ अल्मोड़ा डायट की प्रशिक्षित विनीता के नेतृत्व में धरना स्थल पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को वस्त्र वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर संगठन के मीडिया प्रभारी अमित मैंदोली ने कहा है कि लगातार संघर्ष करने के बावजूद भी अभी तक उनकी मांगों को किसी भी प्रकार से ध्यान नहीं दिया गया है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार आश्वासन दिये जाने के बावजूद अभी तक किसी भी प्रकार का कोई निर्णय शासन व विभाग द्वारा नहीं लिया गया है।

मीडिया प्रभारी अमित मैंदोली ने बताया कि दरअसल प्रशिक्षितों का चयन जिस सेवा नियमावली से प्रशिक्षण के लिए हुआ था उसे प्रशिक्षण के बीच में ही दो बार बदल दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय पार्टियों के लोग शामिल हुए सर्वजन स्वराज पार्टी में

**संवाददाता** देहरादून। सर्वजन स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगतराम डोगरा ने कहा है कि पार्टी में दिन प्रतिदिन राष्ट्रीय दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हो रहे है और पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी को व्यापक स्तर पर मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है और व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। ओल्ड नेहरू कालोनी स्थित पार्टी के कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि आज पार्टी में अनेक दलों के लोग अपनी सदस्यता ले रहे है और पार्टी की मजबूती के लिए यह एक शुभ संकेत है।

### वरिष्ठ नागरिकों को च्वयनप्राश एवं जूस किया वितरित

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी एवं डाबर इण्डिया लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल ने निराश्रित कल्याण समिति के तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों को च्वयनप्राश, जूस एवं सैनिटाईजर वितरण किया। इस अवसर पर डाबर इण्डिया लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल ने बताया कि आर्युवेद पर आधारित यह कम्पनी 135 वर्ष पुरानी है और जब भी देश में आयुर्वेद की बाद होती है तो डाबर इण्डिया सबसे अग्रणी स्थान पर जनसहयोग करने में नजर आती है। लाकडाउन के दौरान डाबर ने आम व्यक्ति की जरुरतों को पूर्ण करने का बीड़ा उठाया और हम देश के प्रत्येक हिस्से में सहायता लेकर पहुँचे।

### भाजयुमो ने किया विधायक हरबंस कपूर को सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या में राम मंदिर में ऐतिहासिक फैसले पर कैंट विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर को राम मंदिर का चित्र भेंट कर और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक हरबंस कपूर ने अपनी स्मृतियों को ताजा करते हुए बताया कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान उन्हें पौड़ी जिले में स्थित कांश जेल में 15 दिन तक नजरबंद किया गया था और यह फैसला ऐतिहासिक फैसला है और या गौरव का क्षण है की वर्षों से चली आ रही आज लोगों की पीड़ा समाप्त हो गई हजारों लोगों ने इस आंदोलन में अपना बलिदान दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सब लोग एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया और अपने प्राणों की आहुति दी इस मौके पर जी एम एस मंडल के अध्यक्ष बबलू बंसल जी ने कहा सभी देशवासियों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।